उच्च शिक्षा उत्कृष्टता संस्थान, भोपाल
**Institute for Excellence in Higher Education, Bhopal**

Office – Kaliasot Dam, Kolar Road, Bhopal - 462016 Tele: (0755) 2492433, 2492460
*E-mail:* ***iehebhopal@mp.gov.in*** *Website:* ***https://www.iehe.ac.in***

क्रमांक:- 147/25-26 दिनांक:- 25 /11/2025

# // पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति संबंधी सूचना //

संस्थान में अध्ययनरत सत्र 2025-26 में द्वितीय एवं तृतीय वर्ष के अनुसूचित जाति/जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग (SC/ST/OBC) के विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि **पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति एवं आवास सहायता नवीनीकरण (Renewal)** के छात्रवृत्ति आवेदन हेतु MPTAASC पोर्टल ओपन है | अतः छात्रवृति नवीनीकरण (Renewal) हेतु पात्र विद्यार्थी शीघ्रातिशीघ्र अपना छात्रवृत्ति आवेदन MPTAASC पोर्टल पर भरकर उसके प्रिंटआउट के साथ समस्त आवश्यक दस्तावेजों की स्व-अभिप्रमाणित छायाप्रति (Photocopy) संलग्न कर आई.सी.टी. सेल में श्री नीलेश राजपूत के पास दिनांक 05/12/2025 तक आवश्यक रूप से जमा करना सुनिश्चित करें, जिससे कि उन्हें शासन की छात्रवृत्ति योजना का लाभ प्राप्त हो सके |

विदित रहे कि विद्यार्थी शासन की किसी एक ही छात्रवृत्ति योजना का लाभ ले सकते है | अतः यदि किसी विद्यार्थी को MMVY या अन्य कोई छात्रवृत्ति मिल रही है, तो वह विद्यार्थी पोस्ट मैट्रिक (एस.सी./एस.टी./ओ.बी.सी.) छात्रवृत्ति/आवास सहायता /मुख्यमंत्री जनकल्याण योजना (MMJKY)/ नेशनल स्कॉलरशिप हेतु पात्र नहीं होगा |

**नोट:-**

1. यदि किसी विद्यार्थी का MPTAASC पोर्टल पर परीक्षा परिणाम (Result) अपडेट नही हुआ है, तो वह विद्यार्थी अपने विगत वर्ष के परीक्षा परिणाम (Result) के साथ श्री नीलेश राजपूत से संपर्क करें |
2. जिन विद्यार्थियों ने MPTAASC पोर्टल पर अपना OTR अपडेट नही किया है वे छात्रवृति नवीनीकरण (Renewal) हेतु आवेदन नही कर पाएंगे, जिसके लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे | OTR रजिस्टर करने एवं MPTAASC पोर्टल पर अपडेट करने हेतु संस्थान की सूचना क्रमांक 92/25-26, दिनांक 14/08/2025 का अवलोकन करें |

(डॉ. ए. के. चतुर्वेदी)
**नोडल अधिकारी, छात्रवृत्ति**

(डॉ. प्रज्ञेश कुमार अग्रवाल)
**प्रभारी संचालक**
Institute for Excellence In Higher Education Bhopal (M.P.)

**प्रतिलिपि:-**

1. आई. सी. टी. सेल उ.शि.उ.स. भोपाल की ओर संस्थान के पोर्टल पर अपलोड करने हेतु |
2. समस्त विभागाध्यक्षों की ओर अपने विभाग के समस्त पात्र विद्यार्थियों को सूचनार्थ एवं MPTAASC पोर्टल पर OTR अपडेट के लिए निर्देशित करने हेतु |